>

Title: Need to look into the problems being faced by Anganwadi workers in Andaman & Nicobar Islands.

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): माननीय अध्यक्ष महोदया, अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह के बीच में एक भी असेम्बली नहीं है। राज्य सरकार और भारत सरकार एक ही है। अंडमान-निकोबार में आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स को 20-25 साल काम करने के बाद आज उन्हें जो ओनरेरियम मिलता है - टेन्थ पास को महीने में दो हजार रुपए, टेन्थ से कम वाले को 1800 रुपए और हेल्पर को केवल 990 रुपए। जब कि उन्हें न बोनस, पेंशन और न ही ग्रेचुअटी मिलती है। आप सोचिए कि उनकी क्या हालत होगी। खास कर उन्हें जीने के लिए घर का किराया 700 से 800 रुपए देना पड़ता है। खाने के सामान की कीमतों में बढ़ोत्तरी हुई है। बच्चों को लिखाना एवं पढ़ाना, आंगनवाड़ी आने के लिए उनका बस का किराया छ: सौ रुपए लगता है तो उनके हाथ में कितने रुपए बचते हैं।

13.00 hrs.

अध्यक्ष महोदया, जो यशोदा मैय्या, आंगनवाड़ी की वर्कर और हैल्पर हैं, वे अपने बच्चों की परवरिश कैसे करेंगी। इसलिए मैं मांग करूंगा कि जिस प्रकार से तामिलनाडु और पांडिचेरी गवर्नमेंट ने इस सिलसिले में बढ़िया काम किया है और उन्हें पे-स्केल दिया है, उसी प्रकार से अंडमान प्रशासन ने भी उसी परम्परा पर चलना शुरू करें। लोग कोर्ट में जाएं, तो सरकार सुनती है। अंडमान में चौकीदार लोगों ने 20-20 साल काम किया, जब वे कोर्ट में गए, तो सरकार ने उनकी मांग मान लीं। तामिलनाडु गवर्नमेंट ने आंगनवाड़ी वर्कर्स को पे-स्केल दिया है, घर का किराया दिया है और सिटी एलाउंस दिया है। इसी प्रकार पांडिचेरी गवर्नमेंट ने किया है। मैं उसी के बारे में केन्द्र सरकार से मांग कर रहा हूं कि अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में आंगनवाड़ी वर्कर और हैल्पर को भी पे-स्केल दिया जाए। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : विÂणुपद रे जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। आपका मैटर पूरा हो गया। अब आप बैठिए।

श्री विÂणु पद राय : अध्यक्ष महोदया, जब तक पे-स्केल न दिया जाए, तब तक मिनीमम वेजेज, यानी जो वर्कर 10 वीं क्लास पास है, उसे स्किल्ड वेजेज, उससे कम कक्षा पास वाली को सैमीस्किल्ड वेजेज और हैल्पर के लिए अनस्किल्ड वेजेज दिए जाएं।

अध्यक्ष महोदया, आंगनवाड़ी में जो स्नैक्स दिए जाते हैं, उनके बारे में मेरी यह आखिरी मांग है कि वÂा़न 2006 में ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त करिए।

श्री विष्Âणु पद राय : अध्यक्ष महोदया, मैं एक मिनट में समाप्त कर रहा हूं। वÂर्ष 2006 में आंगनवाड़ी के लिए स्नैक्स देने हेतु जो लिस्ट बनाई गई थी, उसमें स्नैक्स में दी जाने वाली चीजों के दाम दिए गए हैं। उन दामों पर आज कोई भी सामान बाजार में उपलब्ध नहीं है। उस सूची के अनुसार अंडमान में एक अंडे की कीमत 1.25 रुपए लगाई गई है, जबकि आज वहां एक अंडे की कीमत 4 से 6 रुपए है। इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि आंगनवाड़ी के स्नैक्स का रेट भी कम से कम 10 रुपए प्रति दिन किया जाए। यही हमारी मांग है।

(Placed in Library, See No. Lt-1314/15/09)

MADAM SPEAKER: The rest of the matters will be taken up at the end of the day.

The House stands adjourned to meet again at 1400 hours.

13.02 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

14.02 hrs.

The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Two minutes past Fourteen of the Clock.

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)